प्रादेशिक समाचार

दिनांक–15.04.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. चुनाव आयोग द्वारा स्वीप के तहत देवघर, खूंटी, रामगढ़ समेत राज्य भर में कई मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन, मतदान के महत्व की दी गई जानकारी।

2. हजारीबाग में नशे के कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, करीब 85 लाख का अफीम और डोडा बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार, दो फरार।

3. रामनवमी को लेकर रांची में कल से तीन दिन तक यातायात व्यवस्था में बदलाव, बड़े वाहनों के परिचालन का बदला रुट।
4. उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही चैती छठ का समापन, जलाशय और घरों पर श्रद्धालुओं ने अर्पित किया अर्घ्य।

*******************

चुनाव आयोग द्वारा स्वीप के तहत राज्य भर में कई मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है । देवघर जिले में भी स्वीप गतिविधियों के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के उदेश्य से व्यापक प्रचार–प्रसार किया जा रहा है। शत प्रतिशत मतदाताओं को जागरूक करने के उदेश्य से आज टॉवर चौक स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम में जिलावासियों के साथ–साथ 18 वर्ष से अधिक छात्र–छात्राओं, युवाओं से शामिल होने का अनुरोध किया है। उपायुक्त विशाल सागर ने रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक लोगों से भाग लेकर मतदान के महत्व को लेकर लोगों को जागरूक करने की अपील की है। खूंटी जिले में संचालित विभिन्न संस्थानों में वोटर अवेयरनेस फोरम के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के महत्व की जानकारी दी गई । इधर रामगढ़ जिले में मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से बनाए गए खोरठा गीत का जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार ने लोकार्पण किया।

*******************

सिंहभूम संसदीय सीट से भाजपा उम्मीदवार गीता कोड़ा को सरायकेला के गम्हरिया में जनसंपर्क अभियान के दौरान ग्रामीणों का भारी विरोध झेलना पड़ा। लाठी और डंडे से लैस ग्रामीणों ने गीता कोड़ा के गांव में प्रवेश करते ही विरोध और हंगामा शुरू किया। मामले की गंभीरता को देखते ही गम्हरिया थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची । जहां उग्र ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया गया। इस घटना के बाद गीता कोड़ा ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि किसके इशारे पर जनसंपर्क अभियान रोका गया है, इसकी जांच होनी चाहिए।

इधर इस मामले में गीता कोड़ा की ओर से गम्हरिया थाना में मामला दर्ज कराया गया है। रांची में भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग को इस संबंध में ज्ञापन सौंपा है।

*******************

हजारीबाग में चौपारण थाना पुलिस ने मादक पदार्थों के कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने तेरह किलो अफीम के साथ इकसठ किलो डोडा पाउडर, गांजा और कत्था बरामद किया है। मादक पदार्थ की कीमत लगभग 85 लाख रुपया आंकी जा रही है। चोरदाहा चेक नाका पर जांच के दौरान यह सफलता मिली। पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार किया है जबकि अंधेरे का लाभ लेकर दो तस्कर फरार हो गए।

*******************

धनबाद के सभी सरकारी अस्पतालों के स्त्री और प्रसूति रोग विभाग के ओपीडी में अब सामान्य महिला मरीजों के इलाज के साथ सर्वाइकल कैंसर की भी जांच शुरू की गई है।

*******************

रामनवमी को लेकर रांची की ट्रैफिक व्यवस्था में कल से तीन दिनों तक बदलाव किया गया है। शोभायात्रा को देखते हुए कल शाम चार बजे से 18 अप्रैल तक शहरी क्षेत्र में भारी वाहनों का प्रवेश निषेध किया गया है। इसे लेकर रांची ट्रैफिक एसपी ने कल रात सूचना जारी की है, जिसमें 16 अप्रैल को रामनवमी को लेकर अखाड़ों से शाम में झांकी निकलने, 17 अप्रैल को रामनवमी की मुख्य शोभा यात्रा जुलूस और 18 अप्रैल को चैती दुर्गा पूजा का विसर्जन कार्यक्रम भी निर्धारित है। इस दौरान सभी प्रकार के भारी मालवाहक वाहन रिंग रोड होकर अपने गंतव्य तक जाएंगे। 18 अप्रैल को सुबह 8 बजे से रात 12 बजे तक शहरी क्षेत्र में भारी वाहनों का प्रवेश निषेध रहेगा।

*******************

हजारीबाग के प्रसिद्ध रामनवमी उत्सव को लेकर बोकारो रेंज के आईजी एस माइकल राज के नेतृत्व में उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह, डीआईजी सुनील भास्कर समेत जिले भर के डीएसपी और एसडीपीओ शामिल हुए। बैठक में शांतिपूर्ण ढंग से कैसे रामनवमी संपन्न कराया जाए इसे लेकर चर्चा की गई. साथ ही कई दिशा निर्देश भी जारी किए गए।

*******************

- रामनवमी को लेकर सिमडेगा में तीनदिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर एक दर्जन अखाड़ों के प्रतिभागियों ने वादन और अस्त्र संचालन प्रतियोगिता में भाग लिया।
- गोड्डा जिले में पुलिस आगामी लोकसभा आम चुनाव और पर्व को लेकर अलर्ट है. जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वह निर्धारित समय और रूट से ही जुलूस निकाले। इन जुलूस मार्गो पर सीसीटीवी कैमरा लगाए गए हैं।
- रांची के लालपुर थाना क्षेत्र में वाहन जांच अभियान के दौरान एक युवक की स्कूटी से 11 लाख से अधिक कैश बरामद किया गया है.पैसे को जप्त कर पुलिस और आयकर विभाग मामले की जांच में जुट गई है।

*******************

उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के साथ आस्था का महापर्व चैती छठ आज संपन्न हो गया। रांची समेत राज्य भर में विभिन्न जलाशयों पर बने छठ घाट और कई घरों पर श्रद्धालुओं ने सुबह उगते हुए भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया। जामताड़ा जिले में भी श्रद्धालुओं ने जलस्रोतों और जलाशयों में सूर्य भगवान को अर्घ्य देकर सुख समृद्धि और मंगल कामना की।

*******************

राज्य भर में मौसम में एक बार फिर बदलाव दिखेगा। मौसम विभाग के अनुसार आज से कई जिलों में तापमान चढ़ेगा। जमशेदपुर और कोल्हान के कई जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो गया है फिलहाल मौसम शुष्क रहेगा।

*******************

अखबारों की सुर्खियों से

राजधानी से प्रकाशित लगभग सभी अखबारों ने भारतीय जनता पार्टी के घोषणा पत्र को अपनी सुर्खी बनाई है, इसके अलावा राज्य में बढ़ी चुनावी गतिविधियों की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने लिखा है– भाजपा का संकल्प पत्र, सभी वर्ग के 70 साल से ऊपर के बुजुर्गों का पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– रांची में स्कूटी से 11 लाख बरामद ।

भाजपा का संकल्प, मोदी की गारंटी, शीर्षक के साथ दैनिक जागरण ने इस खबर को अपनी पहली सुर्खी बनाई है।

अमरनाथ यात्रा 29 जून से, पंजीकरण आज से शुरु होगा, दैनिक भास्कर ने इस खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

रांची एक्सप्रेस ने लिखा है– झारखंड में चार लोकसभा सीटों के लिए 18 से शुरू होगा नामांकन।

राष्ट्रीय नवीन मेल की सुर्खी है– भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा पर गम्हरिया में हुआ हमला।

हिन्दुस्तान टाइम्स ने ईजराइल पर ईरान के हमले की खबर को और टाइम्स ऑफ इंडिया ने सलमान खान के घर के बाहर गोलीबारी की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

********************